## एक नजर में

### हाई स्कूल पलसोड़ी में सिकल सेल की जांच की

**रतलाम।** जिले में 100 दिवसीय सिकल सेल एनीमिया अभियान का आयोजन किया जा रहा है। सी एम एच ओ डॉ संध्या बेलसरे ने बताया कि शनिवार को ग्राम पलसोढी के शासकीय हाई स्कूल में आरबीएसके चिकित्सक डॉक्टर किरण गोस्वामी, सी एच ओ अलीशा दान, ए एन एम संगीता यादव, एम पी डब्लू शशिकांत दवे, आशा सुपरवाइजर आशा कार्यकर्ता आदि द्वारा कैंप के दौरान बच्चों की सामान्य स्वास्थ्य जांच परीक्षण के साथ-साथ 179 बच्चों की सिकल सेल एनीमिया की जांच की गई। शनिवार को खारवा कला में शासकीय अ.जा.बालक छात्रावास में सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग कैम्प आयोजित किया गया। जिसमें 19 बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई शिविर में आरबीएस के चिकित्सक डॉक्टर संतोष वीरगत, सी एच ओ डॉ विजय पाटीदार, सीएचओ भूपेंद्र सिंह आदि ने स्वास्थ्य परीक्षण किया।

### आज भाजपा की जिला कामकाजी बैठक का आयोजन

**रतलाम।** भारतीय जनता पार्टी की जिला कामकाजी बैठक 5 अगस्त को दोपहर .12.30 बजे रंगोली सभागार मे आयोजित की गई है। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय करेंगे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अरूण त्रिपाठी ने बताया कि बैठक में तिरंगा अभियान सहित पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर चर्चा होगी।

### कल युवा संगम जिला स्तरीय रोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला

**रतलाम।** जिला रोजगार अधिकारी यू.पी. अहिरवार ने बताया कि तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मंत्रालय भोपाल एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग व तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं रोजगार कार्यालय रतलाम द्वारा युवा संगम अन्तर्गत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन 6 अगस्त 2025 को शासकीय आई.टी.आई सैलाना रोड रतलाम में रखा गया है जिसमे 8 से 10 निजी क्षेत्र की कम्पनियों द्वारा अप्रेंटिसशिप, मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना अंतर्गत एवं अन्य रिक्त पदों पर भर्ती की जावेगी। इस युवा संगम मेले में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना एवं मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के बारे में मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया जायेगा। युवा संगम रोजगार मेले में कम्पनियों द्वारा मेनेजर, मशीन आपरेटर, सिक्योरिटी गार्ड, ट्रेनी, अकाउंटेंट, सेल्स एग्जीक्यूटिव, सुपरवाईजर, मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव, कम्प्यूटर आपरेटर, मैकेनिक, टेक्नीशियन, सेल्समैन, हेल्पर, लेबर आदि अनेक पदों पर सीधी भर्ती की जावेगी। शैक्षणिक योग्यता 8 वी उत्तीर्ण से स्नातक एवं आई.टी.आई. उत्तीर्ण, आयु 18 से 45 वर्ष तक। युवा संगम रोजगार मेलें में भाग लेने वाली कम्पनियों में जी.आर.इण्डस्ट्रीज, टाईगर सिक्योरिटी, नर्मदा इन्टरप्राईजेस, इफ्का लेबोरेटरीज, गीताजंली मोटर्स, अंकेलसरिया आटोमोबाईल रतलाम, शिवशक्ति एग्रीटेक, जस्ट डायल, स्काई इन्टप्राईजेस इन्दौर, सुजुकी मोटर्स अहमदाबाद आदि, इच्छुक आवेदक दिनांक 06 अगस्त 2025 बुधवार को समय प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक शासकीय आई.टी.आई. सैलाना रोड रतलाम, में अपने फोटो, शैक्षणिक योग्यता के मूल प्रमाण पत्र, 2 पासपोर्ट साईज फोटो समग्र आई डी, आधार कार्ड की छायाप्रति एवं बायोडाटा के साथ उपस्थित होवें।

### मातृशक्ति अब हरियाली सखी बनकर करेगी पर्यावरण के प्रति जागरूकता कार्य-कलेक्टर

**रतलाम।** बिले फाउंडेशन नवांकुर संस्था द्वारा प्रदत्त एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम अंतर्गत श्री बिलकेश्वर महादेव की प्रेरणा से उनकी महाप्रसादी स्वरूप बेलपत्र के पौधे के निशुल्क वितरण किए गए। कलेक्टर राजेश बाथम द्वारा अपनी धर्मपत्नी एवं बेटे सहित बिलवृक्ष के पौधे देते हुए उपस्थित सभी मातृशक्ति को संकल्प दिलाया गया। कलेक्टर राजेश बाथम द्वारा कहा गया महिलाएं हरियाली सखी बनकर कार्य कर रही है यह समाज के लिए एक अच्छा संकेत है। शिव उपासना, साधना के लिए कल्याण की आकांक्षा रखते हुए यदि कोई बेलपत्र के वृक्ष का रोपण एवं उसके पत्र का अर्पण करना आध्यात्मिक एवं पर्यावरण दोनों ही दृष्टि से लाभकारी है। अनेक समस्याओं सहित पर्यावरण की समस्या से भी बहुत हद तक मुक्ति मिल सकती है। कलेक्टर श्री बाथम द्वारा इसे मध्य प्रदेश शासन के वायुदूत ऐप पर भी अपलोड करने का सुझाव दिया गया। संस्था के उपाध्यक्ष विक्रमादित्य पाटीदार ने बताया कि सोमवार आदर्श गांव प्रस्फुटन समिति के सदस्यों एवं गांव के युवाओं द्वारा तकरीबन 551 पौधों का वितरण निशुल्क किया गया। अगले वर्ष के लिए संस्था द्वारा एक बिल वृक्ष उपवन (नर्सरी) तैयार कर 5001 पौधे तैयार किए जाएंगे एवं श्रावण मास के प्रति सोमवार संस्था द्वारा शिव भक्तों के संकल्प लेने पर उन्हें निशुल्क बिलवृक्ष का पौधा दिया जाएगा। बिले फाउंडेशन संस्था अध्यक्ष निर्मला अशोक पाटीदार द्वारा एक बिल्ववृक्ष नाम से एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर सभी रोपित पौधों के फोटो संकल्प अनुसार रोपित करने वाले दंपतियों से मंगवाया जाने की बात कही गई। समय-समय पर उनकी देखरेख खाद एवं पानी देना उनकी विकास प्रक्रिया इत्यादि की जानकारी संस्था द्वारा व्हाट्सएप ग्रुप पर डाली जाएगी। किसी प्रकार की समस्या होने पर उनका समाधान किया जाएगा। 5 वर्ष सतत मॉनिटरिंग संस्था द्वारा किए जाने की योजना है। बिलपांक थाने में पदस्थ एसआई सुनील सिंह ने कहा श्रावण मास में यहां आने वाले दर्शनार्थियों जिसमें आसपास से बड़ी संख्या में लोग आते हैं शिव भक्तों की बढ़ती हुई संख्या देखकर बिल वृक्षों का रोपण अत्यंत आवश्यक है। बिले फाउंडेशन संस्था के इस पुनीत कार्य को साधुवाद। समिति अध्यक्ष राजेश मकवाना द्वारा बताया गया एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत अभियान प्रत्येक व्यक्ति मातृशक्ति को संकल्प दिलाकर एक फॉर्म भरा गया जिसमें उनकी पूरी डिटेल्स, संपर्क पता आदि जानकारी ली गई। मंदिर पुजारी विजय तिवारी ने बताया भगवान बिलकेश्वर महादेव के पूजन में अभिषेक व बिल्वपत्र का प्रथम स्थान है। बेल वृक्ष हमारे यहां संपूर्ण सिद्धियों का आश्रय स्थल है। बिल्वपत्र सभी देवी-देवताओं को अर्पित करने का विधान शास्त्रों में वर्णित है। विरुपाक्ष मंदिर के मुख्य पुजारी कन्हैयालाल शर्मा ने बताया की इसके वृक्ष के दर्शन व स्पर्श से ही कई प्रकार के पापों का शमन हो जाता है तो इस वृक्ष को काटने अथवा तोड़ने या उखाड़ने से लगने वाले पाप से केवल ब्रह्मा ही बचा सकते हैं। इस अवसर पर जन अभियान परिषद ब्लॉक समन्वयक शैलेंद्र सिंह सोलंकी, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि कमलेश शर्मा, यज्ञ समिति के विनोद भगत, पर्यावरण प्रेमी नवीन पाल, परामर्शदाता धर्मपाल शर्मा आदि उपस्थित थे। एमएसडब्ल्यू छात्र काजल टांक, पंकज टांक, सामाजिक कार्यकर्ता संजय नाश्ता, शुभम पाटीदार, संदीप अमृतीया, कृष्णा पाटीदार, अर्जुन नाहर, संदीप गोयल एवं तनीषा, नेहा एवं निरुपमा आदि महाविद्यालय छात्राओं द्वारा उपस्थित मातृशक्ति के फॉर्म भरे गए।

# ठग रहे ऑनलाइन लोन ऐप, फ्रॉड से रहे सावधान

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** आम नागरिकों को लोन के नाम पर ठगा जा रहा हैं। ऐसे ऐप से सावधान रहने की आवश्यकता हैं। पुलिस ने सायबर सिक्योरिटी एडवाइजरी जारी कर सावधान रहने का कहा है।

**टेलीग्राम या अन्य सोशल मीडिया पर लोन ऐप के विज्ञापन पर विश्वास न करे**

सायबर ठगी के नए नए तरीकों से लोगों को ठगने के बढ़ते मामलों के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा के मार्गदर्शन में सायबर क्राइम सेल रतलाम टीम द्वारा आम लोगो को सायबर ठगी ने नए नए तरीकों के प्रति आम लोगो को जागरूक करने के उद्देश्य से सायबर फ्रॉड के तरीके और उनसे बचने के उपाय के बारे में समय समय पर एडवाइजरी जारी की जा रही है। आजकल




सायबर फ्रॉडस्टर द्वारा ऑनलाइन लोन ऐप के माध्यम से ठगी के मामले बढ़ते जा रहे है। पिछले दिनों में कई शिकायतें सायबर सेल को मिली है। ऑनलाइन लोन ऐप फ्रॉड एवं इससे बचने के तरीकों के बारे में आज

**ऐसे करते है साइबर अपराध**

लोन के नाम पर कुछ अमाउंट आपके खाते में डालकर लोन की किश्त की तारीख से पहले ही अज्ञात वाट्सअप नंबरों से संपर्क कर लोन पर मनमाना इंटरेस्ट लगाकर पैसे की मांग करते जाते है। पैसे डालने के बाद भी और अधिक पैसे की मांग लगातार की जाएगी। नहीं देने पर आपके फोन से चुराए गए फोटोस को एडिट कर के अश्लील फोटो बनाकर आपके रिश्तेदारों और दोस्तों को भेजने की धमकी दी जाती है।

एडवाइजरी रतलाम पुलिस द्वारा जारी की जा रही है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे इंस्टाग्राम, फेसबुक, वाट्सअप, यू ट्यूब, शेयर चेट आदि पर कई विज्ञापन आते हैं जो तुरंत लोन देने का दावा करते हैं। अगर आप ऐसे ऐप्स डाउनलोड करते है तो इस प्रकार के एप्लीकेशन आपके फोन के मीडिया, गैलरी, कॉन्टैक्ट्स एवं मैसेजेस आदि का एक्सेस लेकर साइबर अपराधी आपके फोटो और फोन कॉन्टैक्ट लिस्ट चोरी कर लेते हैं।

**ऐसे रहे सावधानी**

- आमजन को तुरंत लोन देने वाले ऐप्स से सावधान रहना चाहिए।
- अज्ञात वाट्सअप नंबरों से संपर्क होने पर उस अकाउंट को रिपोर्ट करें।
- सोशल मीडिया पर आने वाले फर्जी लोन ऐप्स के विज्ञापनों पर भरोसा न करें और न ही डाउनलोड करें।
- लोन के नाम पर ब्लैकमेल करने पर किसी को भी अमाउंट ट्रांसफर न करे।

साइबर अपराध की शिकायत के लिए संपर्क करें
- फ्री हेल्पलाइन नंबर- 1930
- वेबसाइट- cybercrime.gov.in
- साइबर हेल्पलाइन रतलाम- 7049127420

# पुलिसकर्मी बनकर वृद्धा सोने की चेन लूटी

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शहर के औद्योगिक थाना क्षेत्र के अंतर्गत 80 फीट रोड पर सोमवार सुबह अज्ञात बदमाशों ने नकली पुलिसकर्मी बनकर एक वृद्धा को अपना

**कागज की पुड़िया में पत्थर थमाकर सोने की चेन उड़ा ले गए बदमाश**

शिकार बना लिया। बदमाश वृद्धा के गले से चेन उतराकर उसे कागज की पुड़िया में पत्थर थमा कर चले गए।

वारदात हेमकन्या पति स्व. पुरणसिंह निवासी कर्मचारी कॉलोनी रतलाम के साथ हुई। फरियादी की रिपोर्ट के अनुसार वह सोमवार सुबह करीब 10.20



बजे के लगभग 80 फीट रोड क्षेत्र से गुजर रही थी। इस दौरान एक व्यक्ति महिला के पास आया। उसने अपने आपकों पुलिस वाला बताया। फरियादी के अनुसार उसने पास बुलाकर उसका नाम पता पूछा और कहा कि सोने की चेन गले में मत पहना करों, बहुत चोरियां हो रही हैं। वृद्धा ने कहा कि मेरा घर पास में ही है मैं घर जाकर चेन खोलकर रख दूंगी। उसके बाद भी नकली पुलिसकर्मी बने अज्ञात व्यक्ति नही माने और वृद्धा के गले से सोने की चेन उतरवाई। आरोपी चेन लेकर दुसरे व्यक्ति को कागज में चेन बांधने के लिए दे दी। बदमाशो ने कागज में चेन रखने का नाटक कर कागज वृद्धा को दे दिया। वृद्धा ने कुछ दूर जाकर जब कागज की पुड़िया खोलकर देखी तो उसमें चेन की जगह दो पत्थर निकले। उसके बाद वृद्धा को अपने साथ हुई ठगी का पता चला। फरियादी महिला ने औद्योगिक क्षेत्र थाने में घटना की शिकायत की हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।

# खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम ने घी एवं अन्य खाद्य पदार्थों के लिए नमूने

**रतलाम।** कलेक्टर राजेश बाथम के निर्देशन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन रतलाम के खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा मिलावट के विरूद्ध कार्यवाही लगातार जारी है। रविवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी शैलेश कुमार गुप्ता द्वारा मिलावटी घी की सूचना पर दीनदयाल नगर रतलाम स्थित बालाजी दूध डेरी पर निरीक्षण किया गया। मौके पर घी एवं अन्य खाद्य पदार्थों की जांच की गई। मौके पर घी पाया गया एवं मौके पर स्किम्ड मिल्क पाउडर का उपयोग दूध दही में करना पाया गया। मौके पर संग्रहीत घी के तीन नमूने, दही का नमूना, मिश्रित दूध का नमूना एवं स्किम्ड मिल्क पाउडर के नमूने जांच हेतु लेकर राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए हैं जहां से रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्रवाई की जावेगी। साथ ही मौके पर घी एवं अपद्रव्य स्किम्ड मिल्क पाउडर को जप्त किया गया। दिनांक 02/08/25 को खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश जामरा द्वारा ताल फांटा स्थित श्री श्याम इंटरप्राइजेस से रिफाइंड सोयाबीन तेल, बरखेड़ाकला स्थित चंबल मसाला उद्योग से लाल मिर्च पाउडर तथा आलोट स्थित महाकालेश्वर मिल्क चिलिंग सेंटर से गाय का दूध के नमूने लिए गए। विभिन्न खाद्य संस्थानों का निरीक्षण कर सभी दुकान संचालकों को अपने परिसर में स्वच्छता बनाए रखने और गुणवातायुक्त खाद्य पदार्थो का निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय करने के निर्देश दिए गए।

### मातृत्व पोषण कार्यक्रम क्रियान्वयन शुभारंभ कार्यशाला

**रतलाम।** पायलट प्रोजेक्ट के रूप में मातृत्व पोषण कार्यक्रम का संचालन दमोह जिले में न्यूट्रिशन इंटरनेशनल द्वारा किया गया था। इसकी सफलता को देखते हुए रतलाम जिले में कार्यक्रम की शुभारंभ कार्यशाला होटल रामास रतलाम में न्यूट्रीशन इंटरनेशनल के द्वारा संपन्न की गई। न्यूट्रीशनल इंटरनेशनल के संभागीय समन्वयक आशीष पुरोहित, डॉ तुहीना वर्मा राज्य कार्यक्रम अधिकारी न्यूट्रीशन इंटरनेशनल ने अपनी बात रखी। कार्यशाला के दौरान विभिन्न स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं द्वारा प्रश्न पूछे गए तथा आवश्यक सुझाव दिए गए और फैसिलिटेटर द्वारा शंका समाधान किया गया।

# महापौर ने निगम परिषद सदस्यों के साथ मनाया पर्यावरण आनन्द उत्सव

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** महापौर प्रहलाद पटेल ने गत दिवस जनप्रतिनिधि, निगम परिषद सदस्यों को अपने खेत पर आमंत्रित कर पर्यावरण आनन्द उत्सव मनाया। इस दौरान सभी ने दाल-बाफले का भी आनन्द लिया।

पर्यावरण आनन्द उत्सव में निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, रतलाम सिटी विधानसभा प्रभारी मनोहर पोरवाल, भाजपा जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष विप्लव जैन, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष जयवंत कोठारी, मंडल अध्यक्ष श्रीमती सोना शर्मा, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, महापौर परिषद सदस्य श्रीमती अनिता कटारा, दिलीप गांधी, धर्मेन्द्र व्यास, विशाल शर्मा, अक्षय संघवी, रामूभाई डाबी, श्रीमती सपना त्रिपाठी, पार्षद हितेश कामरेड, रणजीत टांक, परमानन्द



योगी, योगेश पापटवाल बलराम भट्ट, मोहम्मद नासिर कुरेशी, मोहम्मद सलीम बागवान, फखरुद्दीन मंसूरी श्रीमती धीरज कुवंर किशोर सिंह राठौर, श्रीमती देवश्री मयूर पुरोहित, श्रीमती निशा पवन सोमानी, श्रीमती हीना उत्सव मेहता, श्रीमती स्मिता माहेश्वरी, श्रीमती प्रीति संजय कसेरा, श्रीमती मनीषा विजयसिंह चौहान, श्रीमती आशा राजीव रावत, श्रीमती कविता चौहान, श्रीमती आयुषी जलज सांखला, श्रीमती माया कपिल पांचाल, श्रीमती शबाना खालिक खान, पार्षद प्रतिनिधि शेरू पठान, राजेन्द्र चौहान, के अलावा कुंज सोलंकी, नाहरू सांकला आदि सम्मिलित हुए और भोजन का आनंद लिया सभी ने निगम परिषद परिवार के मुखिया महापौर प्रहलाद पटेल का धन्यवाद ज्ञापित किया कि आपके नेतृत्व में रतलाम शहर का चौमुखी विकास निरंतर किया जा रहा है इसके लिए आप बधाई के पात्र हैं हमें हमारे मुखिया महापौर पर गर्व है।

**इन्होंने रखी अपनी बात**

पर्यावरण आनन्द उत्सव में निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, रतलाम सिटी विधानसभा प्रभारी मनोहर पोरवाल, भाजपा जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष विप्लव जैन, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष जयवंत कोठारी, मंडल अध्यक्ष श्रीमती सोना शर्मा, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, महापौर परिषद सदस्य श्रीमती अनिता कटारा, दिलीप गांधी ने पर्यावरण को लेकर अपनी बात खी।

# घर की शांति के लिए बेटी ओर बहु मे अंतर मत करो : डॉ .संयमलता मसा

**रतलाम।** सास जो कभी बेटी थी वह आज मां है और बहु जो कभी बेटी थी वह भी कभी मां बनेगी। सास बहू का रिश्ता जन्मजात नही होता है, बनाया जाता है, यह रिश्ता केवल मानव जाति में पाया जाता है। कंही-कंही सास देवीका और बहु चंडिका है, कँही सास कठोर और कंही बहु नरम कभी, और कंही-कंही तो राम मिलाय जोड़ी दोनों ही गरम दल से। सास और बहू दोनों ही देवी स्वरूप हो ऐसा बहुत कम देखने को मिलता है। जिस गलती के सासू माँ को माफ कर दिया जाए तो उसी गलती के लिये बहु को भी तो माफ किया जा सकता है।

उक्त विचार नीमचौक जैन स्थानक पर जैन दिवाकरीय महासती डॉ संयमलता म सा ने धर्मसभा मे व्यक्त किए।

डॉ. संयमलता मसा ने शेर ए राजस्थान रूपचंदजी मसा की 100वीं जन्म जयंती के अवसर पर कहा की राजस्थान के पाली जोधपूर मारवाड़ बहुत धार्मिक क्षेत्र है। पाली के नाडोल गांव मे माता मोतियाबाई और पिता भेरूलाल जी के यँहा बालक का जन्म हुआ। माता पिता के संस्कार से वह दिन दुगनी, रात चौगनी तरक्की करने लगा। बचपन में ही गुरुदेव मोतीलालजी म.सा. ने कहा कि इस बालक को हमे सौंप दो यह जिनशासन का नाम रोशन करेगा। माता पिता ने सहर्ष बालक को जिनशासन को सौंप दिया और नाम रखा गया रूपचंद जी म.सा., वे इतने निडर थे कि श्मशान में घनघोर रात्रि में जाकर साधना करते थे।



## सामुदायिक भवन की मांग कैबिनेट मंत्री काश्यप ने तत्काल की स्वीकृत, नगरवासियों ने किया स्वागत

**रतलाम।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप से मिलने रविवार को जनता नगर अलकापुरी क्षेत्र के रहवासी पहुंचे। यहां उनके द्वारा क्षेत्र में सामुदायिक भवन की मांग रखी गई, जिस पर मंत्री श्री काश्यप ने तत्काल उसे स्वीकृत कर दिया। मांग पूरी होने पर मंडल अध्यक्ष के साथ क्षेत्रीय रहवासी संदीप पांचाल, मनोहरलाल पांचाल, कैलाश फोरमेन, गोवर्धनलाल धारवा, रमेश पांचाल, राजेश पांचाल, लक्ष्मीनारायण धारवा, हरिकिशन पांचाल, अनिल पांचाल, वासुदेव पांचाल, पुरूषोत्तम पांचाल, ओमप्रकाश चित्तौड़े, दिनेश पांचाल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# घर के बाद कार की चपेट में आने से 2 वर्षीय मासूम की मौत

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शहर के औद्योगिक थान क्षेत्र अंतर्गत अलकापुरी में सोमवार सुबह घर के बाहर खेल रहे दो साल के बच्चे को कार ने

**पिता और नाबालिग पर प्रकरण दर्ज**

टक्कर मार दी। कार नाबालिग चला रहा था। बच्चे के परिजन तत्काल प्राइवेट हॉस्पिटल लेकर गए। वहां से रतलाम मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक बालक का नाम ऋषिक पिता सचिन तिवारी 2 वर्ष हैं। ऋषिक पूर्व क्राइम ब्रांच



अधिकारी रमेश तिवारी का पोता हैं। बच्चा घर के अंदर खेल रहा था। खेलते हुए अचानक से घर के बाहर आया। तभी शनि मंदिर की तरफ से आई कार ने टक्कर मार दी। टक्कर से बच्चे के सिर में चोंट आने से वह बेसुध हो गया। इसी दौरान घर के सदस्य व पडोसी भी आ गए। तुरंत बेटे को लेकर परिजन 80 फीट रोड स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल लेकर पहंचे, वहां से उसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। जहां डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया।

मृतक बच्चा जड़वा था। घटना के पहले दोनों भाई घर के अंदर खेल रहे थे। कार से टकराने के कुछ देर पहले ऋषिक दादी की गोद में था। दादी के हाथ में पूजा की थाली होने के कारण उसे नीचे उतारा था।, वह दौड़ता हुआ घर से बाहर निकला। इसी दौरान कार की टक्कर लग गई। बच्चे की मौत के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हैं।

जिस कार से टक्कर हुई है वह 16 साल का नाबालिग चला रहा था। बालक उसी क्षेत्र में किराये के मकान में रहकर पढ़ाई करता हैं। पिता गांव से सुबह कार से बेटे से मिलने आए थे। तभी बेटे ने पिता से कहा कार से एक चक्कर लगाकर आता हूं। उसी दौरान गली में बच्चा कार की टक्कर से घायल हो गया।

डीएसपी अजय सारवान ने बताा कि कार नाबालिग चला रहा था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि नाबालिग कार लेकर एक राउंड लगाने के लिए घर से निकला था। अचानक बच्चा खेलते हुए बाहर आया। कार की चपेट में आने से उसकी दुखत मौत हो गई। बालक और उसके पिता पर अपराध दर्ज किया हैं।

# श्रावण मास के चौथे सोमवार पर निकली भोले की शाही सवारी

*भोले की बारात में झूमे श्रृद्धालु*

**जावरा।** भक्ति और आनंद का माह श्रावण मास यु तो कई मायनों में खास होता है किंतु नगर में निकलने वाली भगवान जागनाथ महादेव की शाही सवारी का आनंद ही कुछ और होता है। श्रावण सोमवार को निकलने वाली यह शाही सवारी आसपास के क्षेत्र में खासी चर्चित रहती है। सोमवार की शाम 6 बजे श्री जागनाथ महादेव मंदिर से 9 झांकियों के साथ प्रारंभ हुई शाही सवारी नगर में भ्रमण करने के बाद पुनः मंदिर पहुंची। सवारी के प्रारंभ में शाही सवारी और भगवान जागनाथ महादेव की पूजा-अर्चना की गई। डॉ. हमीरसिंह राठौर, नीतिराजसिंह, सुशील कोचट्टा, पवन सोनी, राजेश शर्मा, अजयसिंह भाटी, प्रांजल पाण्डेय ने विधिविधान से पूजा-अर्चना की।



झांकी रही आकर्षण का केन्द्र - भक्तगण जहां भगवान भोले की भक्ति में नाचते गाते चल रहे थे वही 9 झांकियां भी शामिल थी। जो आकर्षण का केन्द्र बनी रही। भस्म रमैय्या भक्त मण्डल जावरा अपने अद्भुत करतबों का प्रदर्शन कर शाही सवारी के दर्शनार्थ आए श्रद्धालुओं का भरपूर मनोरंजन कर रहे थे। बैंड-बाजों, ढोल-ढमाकों और डीजे पर बजने वाले भगवान भोले के भजनों पर युवाओं की टोलियां इस दौरान थिरकती चल रही थी। पालकी में भगवान जागनाथ भक्तों को दर्शन देकर उनका कल्याण कर रहे थे।

**इन मार्गो से निकली सवारी**

बी.एम. ग्रुप द्वारा निकाली गई शाही सवारी पुल बाजार से शाम 6 बजे प्रारंभ होकर बजाजखाना, घंटाघर चौराहा, कोठीबाजार, कमानी गेट, नीम चौक, आजाद चौक, सोमवारिया, गोवर्धनाथ मंदिर चौराहा, शुक्रवारिया, पिपली बाजार, जवाहर पेठ, चूड़ी बाजार होते हुए देररात पुनः पुल बाजार स्थित श्री जागनाथ महादेव मंदिर पर पहुंची। श्री जागनाथ महादेव भक्त मंडल ने शाही सवारी की व्यवस्थाएं संभाल रखी थी।


